गेल (इंडिया) लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम – महारत्न कंपनी)
GAIL (India) Limited
(A Government of India Undertaking - A Maharatna Company)

गेल भवन,
16 भीकाएजी कामा प्लेस
नई दिल्ली-110066, भारत
GAIL BHAWAN,
16 BHIKAIJI CAMA PLACE
NEW DELHI-110066, INDIA
फोन/PHONE : +91 11 26182955
फैक्स/FAX : +91 11 26185941
ई–मेल/E-mail : info@gail.co.in

सं.: न दि/गेल/सेक्ट./2020 21.07.2020

1. लिस्टिंग विभाग नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड एक्सचेंज प्लाज़ा, 5वीं मंजिल, प्लॉट सं. सी/1, जी ब्लॉक, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व) मुंबई-400 051	2. लिस्टिंग विभाग, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड फ्लोर 1, फिरोज़ जीजीभॉय टॉवर्स, दलाल स्ट्रीट, मुंबई-400001

प्रिय महोदय,

कृपया "**गेल प्रतिष्ठित ग्लोबल सस्टेनेबिलिटी इंडेक्स 'FTSE4GOOD इंडेक्स सीरीज' में शामिल**" संबंधी प्रेस विज्ञप्ति की प्रति संलग्न है।

कृपया उपर्युक्त आपकी सूचना एवं रिकार्ड के लिए है ।

धन्यवाद,
भवदीय,

कंपनी सचिव
संलग्न : उपर्युक्त के अनुसार

प्रति:

ड्यूश बैंक ए जी, फिलिआले मुंबई
टीएसएस एंड ग्लोबल इक्विटी सर्विसेस
द कैपिटल, 14वीं मंज़िल
सी-70, जी ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स
मुम्बई-400051

ध्यानाकर्षण : सुश्री अपर्णा सालुंके

गेल (इंडिया) लिमिटेड

प्रेस विज्ञप्ति

गेल प्रतिष्ठित ग्लोबल सस्टेनेबिलिटी इंडेक्स "FTSE4GOOD इंडेक्स सीरीज" में शामिल

नई दिल्ली, 21 जुलाई, 2020: गेल (इंडिया) लिमिटेड को लगातार चौथी बार प्रतिष्ठित FTSE4Good इंडेक्स श्रृंखला में शामिल किया गया है, जिससे तेल और गैस क्षेत्र की इस कंपनी की पर्यावरण, सामाजिक और अभिशासन (ESG) प्रथाओं के प्रति सशक्त प्रतिबद्धता की पुष्टि होती है।

वैश्विक इंडेक्स और डेटा प्रदाता FTSE रसेल द्वारा निर्मित, FTSE4Good इंडेक्स श्रृंखला को मजबूत ईएसजी प्रथाओं का प्रदर्शन करने वाली कंपनियों के कार्य निष्पादन को मापने के लिए डिज़ाइन किया गया है। FTSE4Good इंडेक्स का उपयोग जिम्मेदार निवेश फंड और अन्य उत्पादों को बनाने और उनका आकलन करने के लिए विभिन्न प्रकार के बाजार प्रतिभागियों द्वारा किया जाता है।

गेल के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक श्री मनोज जैन ने कहा, "मुझे खुशी है कि गेल (इंडिया) लिमिटेड को लगातार चौथे वर्ष FTSE4Good इंडेक्स श्रृंखला में शामिल किया गया है। व्यापार को जिम्मेदारी से करते हुए और अपने हितधारकों पर ध्यान केंद्रित करते हुए यह सतत विकास के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। "

उन्होंने यह भी कहा कि गेल कंपनी की सभी साइटों पर सतत विकास पहल को लागू करने का प्रयास कर रहा है।

एफटीएसई रसेल मूल्यांकन कॉर्पोरेट अभिशासन, स्वास्थ्य और सुरक्षा, भ्रष्टाचार विरोधी और जलवायु परिवर्तन जैसे क्षेत्रों में कार्य निष्पादन पर आधारित हैं। FTSE4Good सूचकांक श्रृंखला में शामिल व्यवसाय विभिन्न प्रकार के पर्यावरणीय, सामाजिक और अभिशासन मानदंडों को पूरा करते हैं।

FTSE4Good इंडेक्स श्रृंखला पर्यावरणीय, सामाजिक और अभिशासन (ESG) के प्रदर्शन और सूचना के प्रकटीकरण में पारदर्शिता के आधार पर सबसे बड़ी वैश्विक कंपनियों की श्रेणी में आती है। FTSE4Good इंडेक्स निवेशकों द्वारा जिम्मेदार निवेश फंड और अन्य उत्पादों को बनाने और उनका आकलन करने के लिए उपयोग किया जाता है।